*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## एम्बुलेंस एवं बहुउद्देशीय सभागार का लोकार्पण

पंतनगर। 28 अक्टूबर 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन चौहान द्वारा आज प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में यूको बैंक, पंतनगर द्वारा प्रदान किये गये एक एम्बुलेंस का लोकार्पण विश्वविद्यालय के चिकित्सालय के उपयोग हेतु यूको बैंक, पंतनगर के सहायक शाखा प्रमुख श्री प्रशान्त चौहान एवं प्रौद्योगिक महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.एस. गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कुलपति द्वारा नवनिर्मित 200 विद्यार्थियों की क्षमता वाले एक बहुउद्देशीय सभागार का भी लोकार्पण किया गया। यह सभागार थ्रीडी सुविधा से युक्त प्रोजेक्टर से सुसज्जित है। तदोपरान्त डा. आर.पी.एस. गंगवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन द्वारा कुलपति का प्रथम तल पर स्थित डीप टैक इनोवेशन सेंटर का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



